कार्यालय पुलिस नियंत्रण कक्ष आयुक्तालय जोधपुर

प्रेस–नोट
(दिनांक 16.04.2024)
आयुक्तालय जोधपुर

आज 16 अप्रैल को 75वें राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन परिसर रातानाडा में श्री राजेंद्र सिंह पुलिस आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

श्री राजेंद्र सिंह पुलिस आयुक्त, श्री आलोक श्रीवास्तव पुलिस उपायुक्त जिला पूर्व एवं श्री राजेश कुमार यादव जिला पश्चिम ने पुलिस के अधिकारियों और जवानों को राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी साथ ही भविष्य में और अधिक उत्साह और निष्ठा के साथ अपने दायित्व को निभाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

पुलिस लाइन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस के अधिकारियों और जवानों ने उत्साह के साथ शिरकत की। कार्यक्रम के प्रारंभ में पुलिस महानिदेशक महोदय श्री उत्कल रंजन साहू महोदय के संदेश का पठन श्री नरपत सिंह अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त मुख्यालय जोधपुर ने किया।

इस अवसर पर राजेंद्र सिंह पुलिस आयुक्त महोदय ने अपने सम्बोधन में कहा कि दिनांक 19.4.2024 व 26.4 .2024 को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मतदान होना है । इन चुनाव को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने में आप अपने कर्तव्यों का पूर्ण रूप से निर्वाह करेंगे और राजस्थान पुलिस की गौरवमय परंपरा को बनाए रखेंगे।

राजस्थान पुलिस दिवस कार्यक्रम के आयोजन के बाद पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण को संपन्न कराने हेतु ड्युटी पर जाने वाले पुलिस जाब्ता को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव करवाने के लिए ब्रीफ कर उक्त जाब्ता श्री गंगानगर, सीकर, नागौर और बीकानेर रवाना किया गया।

प्रभारी
पुलिस नियंत्रण कक्ष,
आयुक्तालय जोधपुर।

16-Apr-24